# <u>International Women's Day</u>

**<u>(8 march 2022)</u>**









अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस




ी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर
महाविद्यालय धमतरी (छ.ग.)
अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस
8 मार्च
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
धमतरी (छ.ग.)


दिवस


Simran
BOUTIQUE

# पीजी कॉलेज की महिला विंग ने ई-रिक्शा महिला चालकों का किया सम्मान



**धमतरी ( प्रखर )।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम पीजी महाविद्यालय में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में ई-रिक्शा महिला चालकों को स्कार्फ एवं पानी की बोतल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में ब्यूटीशियन लवली भामरा, स्वाति बल्लाल, रंजना ठाकुर, रजिस्ट्रार नमिता कर उपस्थित थी। कार्यक्रम में उपस्थित ई-रिक्शा चालक महिलाओं के चेहरे पर आत्मविश्वास साहस एवं चमक दिखाई दे ही थी। एक महिला अपने कुछ माह के शिशु के साथ उपस्थित थी। कुछ महिलाओं ने प्राचार्य के अनुरोध पर अपने अनुभव सुनाये। बंसती साहू ने बताया कि प्रारंभ में डर-झिझक थी लेकिन इसे भगाना होगा। 95 दिन की ट्रेनिंग ली गई। घर से पूरा सहयोग मिला। प्रारंभ में लोग कमेंट करते थे पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने बताया कि शराबियों को अपने रिक्शा में नहीं बैठाते। कठिन दशा में ट्रैफिक पुलिस का साथ मिलता है। कुछ महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी में अपने अनुभव बांटे। गायत्री साहू बेदबाई ने अपने अनुभव बांटे।

प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे ने इस दिन को खुशी से मनाने का भावुक संबोधन दिया। सहयोगियों को धन्यवाद दिया। युवा वर्ग की बेटियों का उत्साह वर्धन किया। विधि विभाग के विद्यार्थियों ने प्राचार्य एवं डॉ. सपना ताम्रकार को शाल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनदीप खालसा एवं डॉ. अनिता राजपुरिया ने धन्यवाद ज्ञापन किया। युवा महिला प्राध्यापकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

# पीजी कॉलेज की महिला विंग ने ई-रिक्शा महिला चालकों का किया सम्मान



10/3/22 प्रखर समाचार

धमतरी ( प्रखर )। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम पीजी महाविद्यालय में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में ई-रिक्शा महिला चालकों को स्कार्फ एवं पानी की बोतल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथियों के रूप में ब्यूटीशियन लवली भामरा, स्वाति बल्लाल, रंजना ठाकुर, रजिस्ट्रार नमिता कर उपस्थित थी। कार्यक्रम में उपस्थित ई-रिक्शा चालक महिलाओं के चेहरे पर आत्मविश्वास साहस एवं चमक दिखाई दे ही थी। एक महिला अपने कुछ माह के शिशु के साथ उपस्थित थी। कुछ महिलाओं ने प्राचार्य के अनुरोध पर अपने अनुभव सुनाये। बंसती साहू ने बताया कि प्रारंभ में डर-झिझक थी लेकिन इसे भगाना होगा। 95 दिन की ट्रेनिंग ली गई। घर से पूरा सहयोग मिला। प्रारंभ में लोग कमेंट करते थे पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने बताया कि शराबियों को अपने रिक्शा में नहीं बैठाते। कठिन दशा में ट्रैफिक पुलिस का साथ मिलता है। कुछ महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी में अपने अनुभव बांटे। गायत्री साहू बेदबाई ने अपने अनुभव बांटे।

प्राचार्य डॉ. श्रीदेवी चौबे ने इस दिन को खुशी से मनाने का भावुक संबोधन दिया। सहयोगियों को धन्यवाद दिया। युवा वर्ग की बेटियों का उत्साह वर्धन किया। विधि विभाग के विद्यार्थियों ने प्राचार्य एवं डॉ. सपना ताम्रकार को शाल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनदीप खालसा एवं डॉ. अनिता राजपुरिया ने धन्यवाद ज्ञापन किया। युवा महिला प्राध्यापकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

---

नवभारत

# छात्रों ने प्राचार्य का किया सम्मान 9/3/22

**धमतरी.** हर साल 8 मार्च के दिन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है. यह दिन महिलाओं के सम्मान में समर्पित है. महिलाओं के योगदान की वैसे तो हर दिन ही सराहना की जानी चाहिए लेकिन फिर भी उनके योगदान और सम्मान में एक खास दिन निर्धारित किया गया है, वो है 8 मार्च का दिन इसी अवसर पर पीजी कॉलेज में अध्ययनरत छात्र-छात्राऐं जय प्रकाश साहू, युगेश धीवर, प्रकाश गुप्ता, सोमेंद्र साहू, देवकुमार, दीपा, जितेश कुमार हेमचरण साहू कुलदीप एवं विधि छात्र छात्राओं के द्वारा पीजी कॉलेज की प्राचार्य श्रीदेवी चौबे एवं व्याख्याता सपना ताम्रकार को शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया.



14 नईदुनिया रायपुर, गुरुवार 10 मार्च, 2022

धमतरी जिला

www.naidunia.com

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का हुआ सम्मान

10/3/22

**नारी तू नारायणी** • स्कूल, कालेज समेत विभिन्न संस्थाओं में हुए विविध आयोजन, कार्यक्रम आयोजित कर किया गया प्रेरित

धमतरी (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर से लेकर गांव तक में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस खास दिन में विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। स्कूल, कालेज व विभिन्न संस्थाओं में महिलाओं को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम हुए।

**पीजी कालेज में प्राचार्य का छात्र-छात्राओं ने किया सम्मान:** पीजी कालेज धमतरी में कालेज के छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य श्रीदेवी चौबे एवं सपना ताम्रकार का सम्मान किया। इस अवसर पर जय प्रकाश साहू, युगेश धीवर, प्रकाश गुप्ता, सोमेंद्र साहू, देवकुमार, दीपा, जितेश कुमार, हेमचरण साहू, कुलदीप सहित अन्य मौजूद थे।

छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य श्रीदेवी चौबे एवं सपना ताम्रकार का सम्मान किया। कालेज

## खरतुली में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व अन्य।

Video News Link:- https://youtu.be/vrbC361Q7rE